सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल का 'एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग' में भारत में चौथा स्थान



अजमेर। नई दिल्ली के एरोसिटी स्थित होटल पुलमैन में देश की प्रतिष्ठित ह्यएजुकेशन वर्ल्ड ग्रैंड ज्यूरी इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026-27ह्ल की घोषणा की गई। इस गरिमामय आयोजन में ग्रैंड ज्यूरी ने ह्यनवीन विद्यालयों की श्रेणीह्ल में सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल को ह्यउभरता हुआ उच्च क्षमता वाला स्कूलह्ल घोषित करते हुए भारत में चौथे स्थान से सम्मानित किया। इसी श्रेणी में राजस्थान में प्रथम और अजमेर जिले में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि ह्यएजुकेशन वर्ल्डह्ल पिछले 10 वर्षों से निरंतर देशभर की विभिन्न श्रेणियों के लगभग 4,500 विद्यालयों की रैंकिंग करता आ रहा है। इतने बड़े स्तर की प्रतिस्पर्धा के बीच सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी स्थापना के मात्र पांचवें वर्ष में ही यह शानदार सफलता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षा की भूमिका विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में सफल बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने, नए विचार विकसित करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने योग्य बनाना भी है। जो ज्ञान और कौशल के साथ अच्छे संस्कारों, संवेदनशीलता तथा आत्मनिर्भरता से भी परिपूर्ण हो।

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल की यह उपलब्धि इस बात को रेखांकित करती है कि स्पष्ट दृष्टि, समर्पित प्रयास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता से राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई जा सकती है।

एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में सतगुरु चौथे स्थान पर

अजमेर @ पत्रिका. राष्ट्रीय स्तर पर सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल ने परचम लहराया है। एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में भारत में चौथा और राजस्थान में प्रथम स्थान हासिल कर किया है। एजुकेशन वर्ल्ड ग्रैंड ज्यूरी इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026-27 की घोषणा की गई। ग्रैंड ज्यूरी ने नवीन विद्यालयों की श्रेणी में सतगुरु इंटरनेशनल को उभरता हुआ उच्च क्षमता वाला स्कूल माना है। यहां विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ आत्मविश्वास, रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता से सशक्त बनाने पर जोर दिया जाता है। प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षा की भूमिका विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना,



नए विचार विकसित करने और समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने योग्य बनाना भी है। यह सम्मान विद्यालय परिवार के लिए गर्व के साथ भविष्य में और बेहतर शैक्षिक वातावरण विकसित करने, विद्यार्थियों की क्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने की प्रेरणा देता है।